प्रकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी तारीख सहित
2	3

स्थापित।

सुखदेव राम पिता स्व0 कोल्हा भुइंया, निवास स्थान ग्राम–मण्डईखुर्द, थाना–सदर हाल थाना–लोहसिंघना, जिला–हजारीबाग द्वारा छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा–46 के अन्तर्गत अंचल–सदर हजारीबाग, मौजा–नवडीहा, थाना नं0–162, खाता संख्या–24, प्लॉट संख्या–117 एवं 119, रकवा क्रमशः 0.0045 एकड़ एवं 0.0255 एकड़ कुल रकवा 0.03 एकड़ (03 डिसमिल) (तीन डिसमिल) भूमि अंजु देवी पति बबलु कुमार, निवास स्थान ग्राम–करसो, हरीला, थाना–बरही, जिला–हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री करने हेतु आवेदक एवं प्रस्तावित केता का जाति, आवासीय प्रमाण–पत्र एवं भूमि संबंधित कागजात संलग्न करते हुए आवेदन समर्पित किया गया है। प्राप्त आवेदन के आलोक में परमिशन वाद संख्या-88/2022 प्रारम्भ कर अंचल–सदर हजारीबाग मौजा–नवडीहा, थाना संख्या–162, खाता संख्या–24, प्लॉट संख्या–117 रकवा 0.045 एकड़ एवं 0.0255 एकड़ कुल रकवा 0.03 एकड़ से संबंधित प्रतिवेदन हेतु कार्यालय पत्रांक 287/रा0 दिनांक 20.01.2022 द्वारा अंचल अधिकारी, सदर को आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं जाँच प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने हेतु निदेशित किया गया। अग्रसारण पत्र एवं आदेश फलक में लिपिकीय भूलवश प्लॉट संख्या–119 छुट गया।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 1408 दिनांक 03.09.2022 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन, आम इस्तेहार का तामिला प्रतिवेदन एवं चेक स्लीप उपलब्ध कराया गया है। आम इस्तेहार में किसी भी व्यक्ति द्वारा आपत्ति दर्ज नहीं किया गया है। अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा जाँच प्रतिवेदन में प्रतिवेदित किया गया है कि –

क्रेता एवं विक्रेता अनुसूचित जाति के अन्तर्गत है एवं हजारीबाग जिला के निवासी हैं। आवेदित भूमि केवाला से हासिल है। खतियान के अनुसार भूमि का किस्म रैयती है। खतियानी रैयत दुखन भुइंया हैं। खतियान के अनुसार धारित कुल रकवा 2.02 एकड़ भूमि है। पंजी–।। अनुसार जमाबंदी रैयत द्वारा धारित कुल रकवा 1.01 एकड़ भूमि है। पंजी–।। के पृष्ठ संख्या–47/II पर मुरती देवी के नाम से जमाबंदी दर्ज है। लगान रसीद वर्ष 2018-19 तक निर्गत् है। आवेदक जमाबंदी रैयत के पुत्र हैं। भूमि संयुक्त खाते की है। आवेदक घरेलु बँटवारा के अनुसार अपने हिस्से की भूमि बिक्री कर रहे हैं। बिक्री की अनुमति मिलने के पश्चात् संयुक्त खाते में रकवा 0.9845 एकड़ भूमि बचती है। विक्रेता को भूमि बिक्री करने का अधिकार है। प्रस्तावित भूमि भूदान/भू–अधिग्रहण क्षेत्र/प्रतिबंधित सूची/वन विभाग की भूमि/

अनुसूची-14 फारम सं0-563

आदेश की क्रम संख्या और तारीख	आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर	आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी
1	2	

सरकारी भूमि के अन्तर्गत नहीं है तथा BLR Act Section-4h से मुक्त है। विक्रेता का दखल कब्जा है।

कार्यालय पत्रांक 3668/रा0 दिनांक 01.10.2022 द्वारा सुस्पष्ट जाँच प्रतिवेदन आम इस्तेहार सहित उपलब्ध कराने हेतु अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग को निदेशित किया गया। उक्त के आलोक में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के पत्रांक 251 दिनांक 09.02.2023 द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि मौजा-नवडीहा, थाना संख्या-162, खाता संख्या-24, प्लॉट संख्या-117 एवं 119 रैयती भूमि है। परमिशन वाद संख्या 88/2022 के अन्तर्गत मौजा-नवडीहा, थाना संख्या-162, खाता संख्या-24, प्लॉट संख्या-117, रकवा-0.45डी0 तथा प्लॉट संख्या-119 रकवा 2.55डी0 कुल रकवा 03डी0 भूमि बिक्री की अनुमति दी जा सकती है। भूमि से संबंधित अंचल अमीन का नक्शा प्रतिवेदन के साथ संलग्न है, जिसमें प्लॉटवार रकवा अंकित है तथा चौहद्दी भी दर्शाया गया है।

प्रश्नगत् भूमि का ट्रेस नक्शा प्राप्त है, जिसमें आवेदित भूमि को लाल रंग से दर्शाया गया है एवं नक्शा में प्रस्तावित भूमि का चौहद्दी भी अंकित किया गया है।

अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग द्वारा विक्रेता को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के तहत् प्रश्नगत् भूमि की बिक्री करने की अनुमति हेतु अनुशंसा की गयी है।

उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में अंचल अधिकारी, सदर हजारीबाग के अनुशंसा के आलोक में सुखदेव राम पिता स्व0 कोल्हा भुइंया, निवास स्थान ग्राम-मण्डईखुर्द, थाना-सदर हाल थाना-लोहसिंघना, जिला-हजारीबाग को छोटानागपुर कास्तकारी अधिनियम, 1908 की धारा-46 के अन्तर्गत अंचल-सदर हजारीबाग, मौजा-नवडीहा, थाना नं0-162, खाता संख्या-24, प्लॉट संख्या-117 एवं 119, रकवा क्रमशः 0.0045 एकड़ एवं 0.0255 एकड़ कुल रकवा 0.03 एकड़ (03 डिसमिल) (तीन डिसमिल) भूमि अंजु देवी पति बबलु कुमार, निवास स्थान ग्राम-करसो, हरीला, थाना-बरही, जिला-हजारीबाग के साथ भूमि बिक्री हेतु अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही अभिलेख की कार्रवाई समाप्त की जाती है।

लेखापित एवं संशोधित

Digitally signed by RAKESH RAUSHAN
Date: 2023.06.13 17:06:37 +05:30
Location: 192.168.0.107

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।

अपर समाहर्त्ता, हजारीबाग।